

# शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में मनाया गया वार्षिकोत्सव

## महाविद्यालय के लिये संसाधन की विधायक ने की घोषणा, मुख्य अतिथि रहे विधायक नागेन्द्र सिंह



नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 फरवरी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय, गुढ़ में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी द्वारा की गई.**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिसकी प्रस्तुति छात्रा प्रियंका गौतम ने दी तथा तबले पर संगत शिवांग शुक्ल द्वारा की गई. इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति शालिनी मिश्रा द्वारा दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. वहीं गायन की सुमधुर प्रस्तुति मानसी त्रिपाठी एवं प्रियंका गौतम द्वारा दी गई, जिसने सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया. भाषण प्रतियोगिता में आभा शुक्ला एवं रेनू शुक्ला के वक्तव्यों को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया.इसी क्रम में मद्यपान निषेध विषय पर छात्रा सुलोचना एवं उनके साथियों द्वारा प्रभावशाली नाटक का मंचन किया गया, जिसमें सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए जनजागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया. मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. साथ ही महाविद्यालय के विकास हेतु पुस्तकालय उन्नयन, फर्नीचर व्यवस्था एवं पठन–पाठन सुविधाओं के विस्तार सहित अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं. अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित मिश्रा द्वारा तथा संयोजन डॉ. श्रीराम द्विवेदी द्वारा किया गया.



# छतदार चबूतरे का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिला स्थायी व सुरक्षित आश्रय

नवभारत न्यूज

**नईगढ़ी, 4 फरवरी, ग्राम पंचायत इंटौरा में नवनिर्मित छतदार चबूतरे का लोकार्पण जनपद पंचायत नईगढ़ी की अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया.**

कार्यक्रम में जनपद पंचायत नईगढ़ी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी उषा किरण गुप्ता, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनीश पांडेय, ग्राम पंचायत सरपंच योगेश पांडेय, जनपद सदस्य कान्हा भाई उर्मिलिया, सचिव मनबोध मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. लोकार्पण अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि सार्थक प्रयास हमेशा सुंदर परिणाम देता है.

इस छतदार चबूतरे के निर्माण से ग्राम में लगभग 200 लोगों को बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों, पंचायत कार्यों एवं अन्य सार्वजनिक गतिविधियों के लिए सुव्यवस्थित और सुरक्षित आश्रय मिलेगा. उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे कार्य ग्राम विकास की मजबूत नींव रखते हैं. ग्रामीणों ने भी चबूतरे के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ग्राम के लिए उपयोगी बताया. अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया.



# गुढ़ में प्रसाद वितरण के साथ मनाया गया हिंदू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 फरवरी, गुढ़ की देवभूमि कष्टहरनाथ धाम एवं भैरवनाथ जी की नगरी में विशाल हिन्दू सम्मेलन एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम गल्ला मंडी प्रांगण में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी प्रेमानंद महाराज उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में रविन्द्र तिवारी शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मोतीलाल शुक्ला ने की. मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संयोजक उमेश गुप्ता एवं बहन प्रियंका गौतम को स्थान प्राप्त हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना एवं सरस्वती पूजन के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया. इस अवसर पर संगीतमय श्री हनुमान चालीसा की विशेष प्रस्तुति दी गई. वक्ताओं द्वारा समस्त हिन्दू समाज को एकत्रित करने के उद्देश्य से गंभीर बौद्धिक उद्बोधन दिया गया. कार्यक्रम जय श्रीराम एवं भारत माता की जय के नारों से गूंजता रहा. सम्मेलन के पश्चात खिचड़ी के महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में हिन्दू भाइयों ने सहभागिता की. स्थानीय लोग मौजूद रहे.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 फरवरी, इंजी.( स्मृति शेष ) संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है.**



इसी तारतम्य में 26वाँ नि:शुल्क शिविर 03 फ़रवरी दिन मंगलवार को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 22 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,जांच और नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता,डॉ. आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया. अगला नि:शुल्क शिविर 03 मार्च 26 को आयोजित किया जाएगा.

# सिरमौर में बह रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत की ज्ञान गंगा

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 4 फरवरी।सिरमौर में बह रही संगीत मय श्रीमद भागवत की ज्ञान गंगा।रामकृष्ण मिश्र प?री आश्रम के जगद्गुरु द्वारा अमृत की गंगा बह रही हैं।**



मुख्य श्रोता नाथूराम मिश्रा श्रीमती सावित्री मिश्रा को श्रवण कराई जा रही है।आज 6वा दिन में रुक्मणि विवाह का प्रसंग चल रहा था जिसमे श्रोता सुरेश मिश्रा वरिष्ठ संविदाकार एवं उद्योगपति वरिष्ठ एडवोकेट विनय मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर सिरमौर के अध्यक्ष, अजीत मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा वेद प्रकाश मिश्रा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी ब्यास पांडे, रामकरण मिश्र, शानू, मिश्रा, अंकित पांडेय, रोशन पांडेय, लाल द्विवेदी प्रमोद मिश्रा हर्षित पांडे आदि कई सैकड़ो को लोग उपस्थित, किशन मिश्रा, मिंटू मिश्रा, शारदा मिश्रा विष्णु दत्त मिश्र आदि क्षेत्र के समस्तधर्म प्रेमी बुद्धिजीवी प्रबुद्ध जन और समुदाय उपस्थित रहे

# सहिजवार में हो रहे अवैध निर्माण को रोका जाए

नवभारत न्यूज

**चाकघाट 04 फरवरी।समीपस्थ ग्राम सहिजवार पंछा मोड त्योथर मार्ग पर बने नाले में केसरी प्रसाद कुशवाहा नगर सैनिक द्वारा अवैध रूप से सरकारी जमीन व नाले को पाट कर अपना भवन निर्माण कार्य कर रहे हैं ।**

ग्रामीणों के विरोध करने पर उनकी बातों को अनसुनी करते हुए कुशवाहा जी का कहना है, मैं इसी तरह अपना घर बनवाऊंगा जिसे जो करना हो करें ।ज्ञातव्य हो कि विगत 10 वर्षों से एसडीओ पुलिस विभाग त्योथर के कार्यालय में उक्त केसरी प्रसाद



कुशवाहा जी कार्यरत हैं ।जिस स्थान पर निर्माण कार्य कर रहे हैं ।विगत 23 जनवरी 2026 को 268 के तहत कार्यवाही के दौरान बेवा ममता देवी चर्मकार सहिजवार का कच्चा मकान गिराया गया था ।

इसी के ठीक बगल नाले में वह अवैध रूप से निर्माण कार्य उक्त के द्वारा किया जा रहा हैं । पुलिस विभाग से सेवानिवृत विष्णु कांत कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा उक्त अवैध निर्माण कार्य को रोकने हेतु एसडीएम कार्यालय त्योंथर में आवेदन दिया गया जिस पर माननीय एसडीएम महोदय ने मार्क करके माननीय तहसीलदार महोदय को अग्रेषित किया । इस आशय का आवेदन आवेदको द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत माननीय जिलाधीश रीवा को भी लिखित दिया हुआ है ।

ग्रामीणों ने एकजुट होकर सक्षम अधिकारी महोदय से साग्रह अनुरोध किया है, कि मौका मुआयना कर सत्यता को उजागर करते हुए अवैध निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करें ।जिससे ग्रामीणों के आवागमन व अन्य प्रकार की कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े ।

# अस्पताल में लगाया गया शिविर, 98 मरीजों को मिला लाभ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 फरवरी, मऊगंज सिविल अस्पताल में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई. अस्पताल परिसर में न्यूरोलॉजिस्ट का विशेष शिविर आयोजित किया गया.**



जिसमें करीब 98 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया. इस दौरान मरीजों को उनकी बीमारी से संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई, विशेष शिविर में सिरदर्द, मिर्गी, लकवा, नसों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों से पीड़ित मरीजों ने परामर्श लिया. न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा प्रत्येक मरीज की गंभीरता से जांच की गई और आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ जीवनशैली में सुधार को लेकर भी सुझाव दिए गए. इस अवसर पर मऊगंज के बीएमओ से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि कुल 98 मरीजों को देखा गया और सभी का समुचित उपचार किया गया है. उन्होंने कहा कि इस तरह के विशेष शिविर आम जनता के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं, क्योंकि इससे ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों को जिला या बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती. बीएमओ ने आगे बताया कि अस्पताल में समय-समय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं.

# गिरीश गौतम के मुख्यआतिथ्य में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 फरवरी, सरस्वती ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवतालाब का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ.**

अतिथियों, विशिष्ट अतिथि शिवपूजन शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, अध्यक्ष रामलखन यादव पूर्व सरपंच के द्वारा स्वागत किया गया. विद्यालय के प्रबंधक जगदीश सिंह यादव जी द्वारा बच्चों को और अधिक परिश्रम



करने पर बल दिया गया व विद्यालय के विभाग प्रमुख रूप सिंह यादव की तरफ से अभिभावकों को सजग रहकर बच्चों के भविष्य को संवारने में तत्पर रहने हेतु आव्हान किया गया. वहीं विधायक गिरीश गौतम ने अपने उद्बोधन में बच्चों अच्चे आचरण एवं व्यवहार के साथ अपना एवं अपने माता-पिता, गांव समाज, स्कूल एवं देश का नाम रोशन करने की समझाइस की गई तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की. विधायक ने बच्चों के नाट्य मंचन सत्यवादी हरिश्चन्द्र नाटक को देखकर भावुक होने पर बच्चों की दिल खोलकर प्रशंसा की और ऐसे आदर्शवादी नाटकों को दिखाने हेतु संगीताचार्य व छात्रों के प्रस्तुति की सराहना की साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी छात्रों को 5000-5000रू. इनाम स्वरूप देने की घोषणा की और विद्यालय के नये भवन में ट्रांसफार्मर सहित विद्युत कनेक्सन करवाने की घोषणा की. कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच शिवपुरा मुस्ताक भाई ने बड़े जोस-खरोस व शेरों शायरी के साथ किया.

कार्यक्रम में प्रियांशी गुप्ता, कोमल, अंजली, स्वाती, श्रुती तिवारी, शालनी गुप्ता, पूर्णिमा गुपता, सुरभी गुप्ता, राजनी गुप्ता व राजस्थानी नृत्य में भाग लेने वाले महक, रिमझिम द्विवेदी, करिश्मा पटेल ने भाग लिया.



# फेंसिंग से सुरक्षित हुई 'मां की बगिया जनपद अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**नईगढ़ी, 4 फरवरी, ग्राम पंचायत बहेड़ानंकर अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना के तहत किए गए कार्यों का भ्रमण कर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंज बिहारी तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी उषा किरन गुप्ता.**


अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनीश पांडेय एवं ग्राम पंचायत सरपंच ने स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण में हितग्राही द्वारा फेंसिंग व आम रोपण का कार्य पूर्ण पाया गया. साथ ही आम पौधों के बीच चना, धनिया व सब्जियों की अंतर्वर्ती फसल भी लगाई गई है, जिससे पौधों के वयस्क होने तक नियमित आय सुनिश्चित होगी. निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने हितग्राही श्रीमती संगीता कुशवाहा से योजना के लाभों पर चर्चा की. श्रीमती कुशवाहा ने बताया कि पिछले वर्षों में जंगली पशुओं के कारण फसलें नष्ट हो जाती थीं और लाभ नहीं मिल पाता था. योजना के अंतर्गत फेंसिंग से खेत सुरक्षित होने के बाद उन्नत किस्म के आम पौधे लगाए गए हैं. अब एक हिस्से में चना, धनिया व सब्जी की खेती भी की जा रही है. इससे दोनों सीजन में सब्जी उत्पादन के साथ-साथ आम के पेड़ भी तैयार होंगे. जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने कहा कि मां की बगिया जैसी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्थायी व सुरक्षित आजीविका देना है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को तकनीकी मार्गदर्शन व समय पर सहयोग मिलता रहे, ताकि योजना का सही क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी हो सके.

# तनाव मुक्त और शांत जीवन जीने का बताया गया तरीका

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 फरवरी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, देवतालाब सेवा केंद्र प्रभारी बीके लता बहन के तत्वावधान में 'गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' विषय पर आधारित एक प्रेरणादायी राजयोग ध्यान सत्र का भव्य आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर देवतालाब क्षेत्र के सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया. कार्यक्रम का मूल उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को आत्मिक सशक्तिकरण, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में प्रेरित करना रहा. कार्यक्रम की शुरुआत 'सब सुखी हों, सब निरोगी हों, सबका भला हो, विश्व का कल्याण हो' की मंगल भावना के साथ की गई. इसी भावना के अंतर्गत सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को बीके खुशबू बहन द्वारा राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया. राजयोग ध्यान सत्र के दौरान उपस्थितजनों को बीके रानू बहन द्वारा निराकार परमपिता परमात्मा से आत्मिक संबंध स्थापित कर तनावमुक्त, शांत एवं आनंदमय जीवन जीने के सरल एवं प्रभावशाली उपायों की जानकारी दी गई. यह बताया गया कि राजयोग के माध्यम से मन को स्थिर कर जीवन के प्रत्येक चरण को गरिमा एवं संतोष के साथ जिया जा सकता है, विशेषकर वृद्धावस्था को गौरवपूर्ण बनाया जा सकता है. बीके विजय भाई द्वारा संस्था का परिचय दिया गया कार्यक्रम के अंतर्गत सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं अतिथियों को तिलक, गमछे, ईश्वरीय साहित्य द्वारा सम्मानित किया गया. साथ ही उन्हें ईश्वरीय उपहार प्रदान कर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक उल्लास एवं अपनत्व का भाव दिखाई दिया. इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य रूप से बीके महेंद्र भाई की प्रेरणादायी उपस्थिति रही. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार उमाकांत शर्मा, सेवानिवृत्ति पुलिसकर्मी दया शंकर शुक्ला, रामखेलावन गुप्ता,कथा वाचक राजू पांडे, रामाधार गुप्ता प्रतिष्ठित समाजसेवी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी द्वारा आयोजित कार्यशाला में केन्द्र प्रभारी बीके लता व अन्य

# गीतांजलि पब्लिक स्कूल में 12 वीं के छात्रों को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गीतांजलि पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के 150 छात्रों का विदाई समारोह कार्यकम आयोजित किया गया. कार्यकम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए विद्यालय संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान, श्रीमती अरूणा प्रधान द्वारा मॉ सरास्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया.**



कार्यकम की कड़ी में कक्षा 11 वीं के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें समूह नृत्य प्रमुख था. इसी तारतम्यता में 12वीं कक्षा के सभी छात्रों को टाइटल के साथ विद्यालय के तरफ से भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. मिस फेयरवेल के रूप में स्मृति द्विवेदी व गायत्री थारवानी एवं मिस्टर फेयरवेल के रूप में प्रकाश तिवारी व प्रियंक वर्मा को सम्मानित किया गया.

विद्यार्थियों से विभिन्न रोचक प्रश्न भी पूँछे गये. 12वी कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शिव प्रसाद प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में अनुशासित रहने पर ही हम सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं. अपनी वाणी के माध्यम से उन्होने कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़े हुए बच्चे यहां से जाने के बाद भी विद्यालय के अंश रहेगें तथा मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां के बच्चे किसी भी क्षेत्र में कभी भी असफल नहीं होंगे. संचालक वरूण प्रधान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले संघर्षों से अवगत कराते हुए परिस्थियों का डटकर मुकाबला करने की शीख दी और भविष्य में आगे बढ़ते हुए विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी.

श्रीमती रितिका प्रधान ने विद्यार्थियों के साथ बीते हुए स्वर्णिम समय को याद करते हुए उन्हे भविष्य में उच्चतम लक्ष्य प्राप्त करने के सिद्धांत बताए और भावुक स्वर में उनके बचपन से लेकर आजतक के बीते हुए क्षणों को याद करके उन्हे जीवन में अनुशासन, लगन व मेहनत के साथ 7 आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. कार्यकम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की मंगल शुभकामना की गई. सभी छात्रों को उचित पुरस्कार द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया. अंत में समस्त स्टाफ एवं छात्रों ने रूचिकर भोजन का लुफ्त उठाया.